पर्व | वैष्णव और रामानंदी समेत सभी प्रमुख संप्रदायों में 4 सितंबर को जन्माष्टमी मनाई जाएगी

15 साल बाद रोहणी नक्षत्र में मनेगा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

नवभारत चिल्हारी 31 अगस्त। इस बार 15 साल बाद जन्माष्टमी पर ऐसा विशेष 30 संयोग बन रहा है, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव अष्टमी तिथि और रोहिणी नक्षत्र में मनाया जाएगा।

द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म भी मध्यरात्रि में अष्टमी तिथि और रोहिणी नक्षत्र में हुआ था। इस बार जन्माष्टमी पर भी इसी तरह का संयोग बन रहा है। कई बार जन्माष्टमी पर अष्टमी तिथि तो रहती है, लेकिन रोहिणी नक्षत्र का संयोग नहीं बनता। इस बार दोनों एक ही दिन मिल रहे हैं। यही वजह है कि इस जन्माष्टमी को विशेष माना जा रहा है।

बांधवगढ़ में जन्माष्टमी पर लगेगा मेला

कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर 4 सितंबर को बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व ताला स्थित बांधवाधीश मंदिर में भव्य मेले का आयोजन किया गया है। मेले की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के पुख्ता इंतजाम

श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर 4 सितंबर को ताला अंतर्गत बांधवगढ टाइगर रिजर्व क्षेत्र में पार्क के अंदर स्थित बांधवाधीश मंदिर में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी लगने वाले मेले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अधिकारियों, कर्मचारियों दंडाधिकारियो एवं कर्मचारियों की कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती राखी सहाय ने डयुटी लगाई है।

आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाएगी

मेले के एक दिवस पूर्व मेला स्थल का भ्रमण कर क्षेत्र संचालक, बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से समन्वय करते हुये आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा करेंगे एवं मेला दिवस 4 सितंबर को अपने-अपने सौंपे गये ड्यूटी स्थल पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखते हेतु अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी पी0के सेनगुप्ता एवं कलेक्टर को समय-समय पर वस्तुस्थिति से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

श्रीकृष्ण की पूजा का विशेष महत्व

रामानंदी संप्रदाय में जन्मोत्सव के लिए रोहिणी नक्षत्र को विशेष महत्व दिया जाता है। इस बार वैष्णव और रामानंदी समेत सभी प्रमुख संप्रदायों में 4 सितंबर को ही जन्माष्टमी मनाई जाएगी। मध्यरात्रि में रोहिणी नक्षत्र का संयोग जन्माष्टमी की अर्धरात्रि में अष्टमी तिथि और रोहिणी नक्षत्र का एक साथ होना विशेष फलदायी माना जाता है। इस बार सभी प्रमुख ज्योतिषीय तत्व एक साथ आ रहे हैं। धार्मिक मान्यताओं में भी ऐसे संयोग में भगवान श्रीकृष्ण की पूजा का विशेष महत्व बताया गया है।

महंगाई की मार से जनता बेहाल, कांग्रेस ने खोला मोर्चा

बढ़ती कीमतों के खिलाफ किया जमकर प्रदर्शन

नवभारत चिल्हारी 31 अगस्त। उप ब्लॉक कांग्रेस कमेटी इंदवार के अध्यक्ष गौरीशंकर मिश्रा के नेतृत्व में सोमवार को ग्राम भरेवा के बस स्टैंड पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन कर सरकार की महंगाई नीति पर सवाल खड़े किए।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गैस सिलेंडर, पेट्रोल-डीजल, ई-20 पेट्रोल, बिजली, शक्कर और गुड़ सहित रोजमर्रा की जरूरतों की बढ़ती कीमतों को लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं का आरोप था कि महंगाई का सीधा बोझ गरीब, किसान, मजदूर और मध्यमवर्गीय परिवारों की जेब पर पड़ रहा है, लेकिन सरकार जनता की परेशानी को नजरअंदाज कर रही है।

बिगड़ रहा रसोई का बजट

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि रसोई का बजट लगातार बिगड़ रहा है और आम आदमी की आय के मुकाबले खर्च तेजी से बढ़ रहा है। पेट्रोल-डीजल और बिजली की महंगाई का असर परिवहन से लेकर हर जरूरी वस्तु की कीमत पर पड़ रहा है। ऐसे में सरकार को महंगाई पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि महंगाई पर अंकुश नहीं लगाया गया तो पार्टी जनता के मुद्दों को लेकर आगे भी सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी।

इनकी रही उपस्थिति-प्रदर्शन में जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष अंजू लल्लू सिंह, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश मिश्रा, सुदामा मिश्रा, यज्ञ नारायण पैरोह, राजेंद्र प्रसाद मिश्रा, अमरू कोल, प्रदीप सिंह चतुर्वेदी, उमेश कुमार गौतम, विकास कुमार मिश्रा, संतोष कुमार द्विवेदी, रवि मिश्रा, फूलबाई, कौशल्या, उषा कोल, अखिलेश मिश्रा, रामबोद चौधरी, रामाधार मिश्रा, पंकज तिवारी, राम सजीवन तिवारी, कमल भान कोल, नितिन मिश्रा सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

छात्राओं से अभद्रता मामले में शिक्षक निलंबित

एफआईआर दर्ज, जिला शिक्षा अधिकारी ने की अनुशासनात्मक कार्रवाई

उमरिया नवभारत 31 अगस्त। जिले के विकासखण्ड मानपुर में शासकीय प्राथमिक शाला सुल्तानपुर में पदस्थ सहायक शिक्षक कोमलचंद गुप्ता के विरुद्ध छात्राओं से छेडखानी एवं अभद्रता के गंभीर मामले में जिला शिक्षा अधिकारी उमरिया द्वारा त्वरित अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए शिक्षक कोमलचंद गुप्ता को निलंबित कर दिया है। साथ ही शिक्षक के खिलाफ थाने में एफआईआर भी दर्ज कराई गई है। प्रभारी प्रधानाध्यापक विश्वनाथ पाण्डेय द्वारा 24 अगस्त को मिली दूरभाषीय सूचना के आधार पर संकुल प्राचार्य शासकीय हाईस्कूल जोबी एवं जनशिक्षकों द्वारा विद्यालय में पंचनामा तैयार किया गया था। पंचनामा एवं वीडियो साक्ष्यों के आधार पर कक्षा दूसरी, तीसरी तथा चौंथी की छात्राओं के बयानों में शिक्षक द्वारा टॉफी देने, गलत तरीके से स्पर्श करने तथा मोबाइल पर अश्लील वीडियो दिखाने की बात सामने आई थी।

शिक्षक का कृत्य शिक्षकीय मर्यादाओं के विपरीत था

प्राप्त जांच प्रतिवेदन के आधार पर शिक्षक कोमलचंद गुप्ता का कृत्य शिक्षकीय मर्यादाओं के विपरीत के साथ-साथ मध्य प्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 का उल्लंघन पाया गया। जिसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी उमरिया द्वारा मध्य प्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 की धारा 9 के तहत कार्यवाही करते हुए शिक्षक कोमलचंद गुप्ता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

थाना प्रभारी को भेजा था वैधानिक कार्यवाही के लिए पत्र

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा 28 अगस्त को थाना प्रभारी इन्दवार को वैधानिक कार्यवाही के लिए पत्र भेजा गया था। इसके पालन में इन्दवार पुलिस द्वारा 29 अगस्त को एफआईआर दर्ज की गई। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मानपुर नियत किया गया है।

शाहडार के जंगल के पास सड़क पर दिखा बाघ

वन विभाग ने क्षेत्र के लोगों को दी सतर्क रहने की सलाह



नवभारत, कटनी। जिले की ढीमरखेड़ा तहसील अंतर्गत शाहडार के जंगलों में हिंसक वन्य जीवों की चहलकदमी लगातार बढ़ रही है। रविवार को शाहडार जंगल से गुजरने वाली मुख्य सड़क पर एक बाघ के आराम से टहलने का वीडियो सामने आया है, जिसके बाद से आसपास के ग्रामीणों और राहगीरों में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार सड़क से गुजर रहे कार सवार राहगीरों ने दूर से ही अपने मोबाइल में बाघ का वीडियो शूट कर लिया। बाघ कुछ देर तक सड़क पर टहलता रहा और फिर घने जंगल की ओर चला गया। शाहडार का यह वन क्षेत्र उमरिया और प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की सीमाओं से सटा हुआ है। यही वजह है कि इस इलाके में बाघ और तेंदुओं की आवाजाही अक्सर बनी रहती है। हालांकि अब वन्य जीवों के सीधे सड़कों पर आ जाने से स्थानीय लोगों की चिंताएं बढ़ गई हैं। वन विभाग ने क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है और लोगों को सतर्क रहने की हिदायत दी है। वन विभाग ने यात्रियों और ग्रामीणों के लिए सुरक्षा निर्देश जारी किए हैं। शाहडार जंगल वाले मार्ग पर रात के समय बाइक या खुले वाहनों से सफर नहीं करने, वन्य जीव सामने दिखने पर वाहन रोककर सुरक्षित दूरी बनाए रखने, हॉर्न नहीं बजाने के लिए कहा है। यह भी कहा गया है कि वन्यजीव को उकसाने का प्रयास नहीं करें। वाहन के शीशे बंद रखें और वीडियो या फोटो बनाने के चक्कर में जान को जोखिम में नहीं डालें।

प्रधानाध्यापक साहू का विदाई समारोह पीएमश्री विद्यालय में आयोजित

शिक्षा विभाग को गोविन्द प्रसाद साहू ने 43 वर्ष सेवाएं दीं

शहपुरा नवभारत 31 अगस्त। जनजाति कार्य विभाग में 43 वर्षों की लंबी शासकीय सेवा पूर्ण करने के उपरांत पीएमश्री शासकीय माध्यमिक शाला बांकी के प्रधानाध्यापक गोविन्द प्रसाद साहू आज यहां सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर विद्यालय परिवार और संकुल के शिक्षकों द्वारा एक गरिमामयी विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।

गोविन्द प्रसाद साहू का 43 वर्षों का सेवाकाल बेहद गौरवमयी और उपलब्धियों से भरा रहा है। उन्होंने अपने सेवाकाल के दौरान कस्तूरी पिपरिया एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करौंदी में शिक्षक के रूप में महत्वपूर्ण सेवाएं दीं। इसके अलावा उन्होंने विकासखंड स्रोत समन्वयक शहपुरा के पद पर रहते हुए विकासखंड की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और शैक्षणिक नवाचारों को लागू करने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई। वर्तमान में वे माध्यमिक शाला बांकी में प्रधान अध्यापक के पद पर पदस्थ थे।

विद्यालय प्रांगण में आयोजित विदाई समारोह में शिक्षकों, छात्र-छात्राओं और स्थानीय नागरिकों ने जीपी साहू का शॉल, श्रीफल, पुष्पमाला और स्मृति चिह्न भेंट कर आत्मीय स्वागत किया।

इस दौरान संकुल प्राचार्य शिवचरण आर्मो, समाजसेवी मोहितलाल साहू, अजय कुमार साहू, लक्ष्मण प्रसाद साहू,तीरथ प्रसाद साहू, मूलचंद साहू, जनशिक्षक दिनेश साहू, छोटेलाल साहू,कंछेदी साहू, दशरथ साहू, मायाराम साहू, शिक्षक मोहब्बत लाल झारिया, विजय कुमार साहू, पत्रकार भीमशंकर साहू, शारदा नामदेव सहित परिवार जन, विद्यालय परिवार व ग्रामीण मौजूद रहे।

सेवानिवृत्ति पर सत्यवती अवधिया को शॉल-श्रीफल भेंट

शास उमा विद्यालय रयपुरा में विदाई समारोह

शहपुरा नवभारत 31 अगस्त। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रयपुरा शहपुरा प्राथमिक शिक्षिका सत्यवती अवधिया के सेवानिवृत्त होने पर सोमवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रयपुरा स्टाफ द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रयपुरा में एक सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। प्राथमिक शिक्षक सत्यवती अवधिया जी का तिलक बंदन कर फूल माला व श्रीफल शाल भेंट कर स्वागत किया गया एवं आकर्षक व जीवनोपयोगी उपहार देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षक सत्यवती अवधिया एक कर्मठ, सामान्यनिष्ठ,प्रेरणास्रोत मृदुभाषी व शिक्षा प्रेमी शिक्षक हैं। छात्र छात्राओं की शैक्षणिक विकास एवं संस्कृति तथा अनुशासन प्रदान करने में सदैव तत्पर रही है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रयपुरा में सेवानिवृत्त हुई है। उन्होंने अपने इस 23 वर्ष के कार्यकाल के दौरान निस्वार्थ भाव से शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवाऐं दी। इस मौके पर उपस्थित शिक्षक,छात्र-छात्राओं, एवं अभिभावक का आभार प्रकट किया। ग्राम के गणमान्य नागरिक ,अतिथि गण,सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

अब अमेजन पर बिकेगी शहडोल की 'तरू' काष्ठकला

छतवई के शिल्पकारों की कला को मिला वैश्विक बाजार

नवभारत, शहडोल। शहडोल के ग्रामीण और जनजातीय शिल्पकारों की पारंपरिक 'तरू' काष्ठकला अब स्थानीय बाजार तक सीमित नहीं रहेगी। जिले के संत रविदास हस्तशिल्प केंद्र छतवई में तैयार होने वाले काष्ठ उत्पादों को वैश्विक बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में जिला प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है।

कलेक्टर पार्थ जायसवाल ने रिमोट की बटन दबाकर तरू काष्ठशिल्प को अमेजन कारीगर प्लेटफार्म से जोड़ने की प्रक्रिया पूरी की। इस पहल से छतवई के काष्ठ शिल्पकारों द्वारा तैयार आकर्षक कलाकृतियां देश के विभिन्न हिस्सों में खरीदारों तक पहुंच सकेंगी। ऑनलाइन बाजार मिलने से शिल्पकारों को अपने उत्पादों का बेहतर मूल्य मिलने और उनकी आय बढ़ने की उम्मीद है।

अब तक बिके डेढ़ लाख रूपये के उत्पाद-प्रशिक्षित शिल्पियों के उत्पादों को बाजार मिलने का सिलसिला पहले ही शुरू हो चुका है। अब तक प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से करीब 1.50 लाख रुपये के काष्ठ उत्पादों की बिक्री हो चुकी है। अमेजन कारीगर प्लेटफार्म से जुड़ने के बाद इन उत्पादों के लिए बाजार का दायरा काफी बढ़ जाएगा।

शिल्पियों को मिला हुनर का प्रशिक्षण-ग्रामीण शिल्पकारों को आजीविका से जोड़ने के लिए जिला प्रशासन ने डीएमएफ मद से 100 शिल्पियों को काष्ठशिल्प, दरी एवं कालीन निर्माण का प्रशिक्षण दिलाया। प्रशिक्षण की शुरुआत अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल एवं जयसिंहनगर विधायक मनीषा सिंह की मौजूदगी में हुई थी।

पांच छात्रों को मिलेगी स्कूटी एवं लैपटाप

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की उपलब्धि

नवभारत चिल्हारी 31 अगस्त। जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम चिल्हारी की शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पांच छात्रों ने विद्यालय का नाम रोशन करते हुए मुख्यमंत्री की स्कूटी एवं लैपटाप योजना में अपना नाम दर्ज कराया है।

बता दें कि विद्यालय में पदस्थ सभी शिक्षक अपने समय के पाबन्द है। सभी पीरियड समयानुसार संचालित किए जाते हैं, जिसका परिणाम है कि बच्चे आज टाप कर रहे हैं। विद्यालय में अध्ययनरत बालिका गौरी बर्मन ने 82.2 प्रतिशत अंक अर्जित किए, वहीं गोलू काछी ने 76 प्रतिशत अंक अर्जित किए। इन दोनों छात्रों को स्कूटी से नवाजा जाएगा। लैपटाप की दौड़ में भी उपरोक्त दोनों छात्रों के साथ दिव्यांशी बर्मन, प्रीती जैसवाल, स्वेता चौधरी को मुख्यमंत्री योजना का लाभ दिया जाएगा।

प्राचार्य व शिक्षकों के आशीर्वाद से हासिल की सफलता

सभी छात्रों ने नवभारत से रूबरू होते हुए बताया कि यह उपलब्धि हासिल करने में हमारे विद्यालय के प्राचार्य अरुण द्विवेदी एवं समस्त गुरूजनो का आशीर्वाद है। हम लोग आज इस मुकाम पर पहुंच कर उपरोक्त योजना का लाभ लेते हुए अपना एवं अपने माता-पिता का नाम तथा अपने विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। भविष्य में भी मेहनत करके विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

बैठक | एनआरसी से बच्चे पूरी तरह स्वस्थ होकर लौटें, आंगनबाड़ियों का सघन निरीक्षण करें अधिकारी

अतिकुपोषित बच्चों के इलाज में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : कमिश्नर

नवभारत, शहडोल। शहडोल संभाग में अतिकुपोषित बच्चों के बेहतर उपचार और पोषण प्रबंधन को लेकर कमिश्नर सुरभि गुप्ता ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि संभाग में अतिकुपोषित बच्चों को चिन्हित कर उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

पोषण पुनर्वास केंद्रों में भर्ती कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों का प्रभावी उपचार और पोषण प्रबंधन सुनिश्चित हो। बच्चे पूरी तरह स्वस्थ होकर ही एनआरसी से घर लौटें, इसकी जिम्मेदारी संबंधित जिला कार्यक्रम अधिकारी और परियोजना अधिकारियों की होगी। कमिश्नर सोमवार को कमिश्नर कार्यालय में आयोजित महिला एवं बाल विकास विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा कर रही थीं। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों और महिलाओं को दी जा रही सेवाओं की भी विस्तार से जानकारी ली।

आंगनवाड़ी की सेवाओं में सुधार के निर्देश

कमिश्नर ने कहा कि सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं मिलना चाहिए। संदर्भ सेवाओं के साथ शाला पूर्व शिक्षा की गुणवत्ता में भी सुधार किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों का सघन निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सेवाओं की वास्तविक स्थिति जांचें और कमियों को तत्काल दूर कराएं।

निर्माण कार्यों की धीमी गति पर जताई नाराजगी

शौचालयविहीन आंगनवाड़ी केंद्रों में शौचालय निर्माण की धीमी गति पर भी कमिश्नर ने नाराजगी जताई। उन्होंने इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता से पूरा कराने को कहा। सक्षम आंगनवाड़ी केंद्रों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ विद्युतविहीन केंद्रों का प्राथमिकता के आधार पर विद्युतीकरण कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास डीके सिद्धार्थ, उप संचालक गौतम अधिकारी, राकेश खरे, शहडोल, उमरिया एवं अनूपपुर के जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित संभाग के महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

श्री अन्न के पोषक महत्व पर दिया गया जोर

अंतर्राष्ट्रीय श्री अन्न दिवस पर कार्यशाला आयोजित

अमरपुर नवभारत 31 अगस्त। क्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केंद्र डिंडौरी के तत्वावधान में सांदीपनी विद्यालय अमरपुर में 'अंतर्राष्ट्रीय श्री अन्न दिवस' के अवसर पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित क्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केंद्र डिंडौरी की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. मनीषा श्याम ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को संबोधित किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने श्री अन्न (कोदो, कुटकी, रागी, ज्वार, बाजरा आदि) के पोषक तत्वों, स्वास्थ्य लाभों और बदलते जलवायु के दौर में इनकी खेती की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डिंडौरी जिले का पारंपरिक भोजन 'श्री अन्न' न केवल कुपोषण दूर करने में सक्षम हैं बल्कि आज यह वैश्विक स्तर पर सुपरफूड के रूप में अपनी पहचान बना चुका हैं।

आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई

कार्यशाला के दौरान विभिन्न प्रकार के श्री अन्नों की एक आकर्षक प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों और शिक्षकों को विभिन्न मिलेट्स की प्रजातियों उनके बीजों और उनसे तैयार होने वाले विभिन्न खाद्य पदार्थों की प्रत्यक्ष जानकारी दी गई। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सांदीपनी विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार सुरीन द्वारा की गई।